**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 24.06.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और आध्यात्मिक तथा नैतिक गुरू नारायण गुरु के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह की आज नई दिल्ली में शुरूआत हुई। विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन दोनो नेताओं के बीच हुआ ये संवाद आज भी उतना ही प्रेरक और प्रासंगिक है। सौ साल पहले हुई ये मुलाकात सामाजिक समरसता और विकसित भारत के लक्ष्यों के लिए ऊर्जा के बडे स्त्रोत के रूप मे उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आज देश लगातार प्रगति कर रहा है। सैन्य जरूरतों के लिए भारत की विदेशों पर निर्भरता कम हो रही है। देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। इसका प्रभाव पूरे देश ने ऑपरेशन सिंदुर के दौरान देखा।

.....

गौरतलब है कि बापू और नारायण गुरू के बीच यह संवाद 12 मार्च, 1925 को शिवगिरी मठ में हुआ था। यह बातचीत वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति और दलितों के उत्थान पर केंद्रित थी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन, सांसद अदूर प्रकाश और शिवगिरी मठ के संत भाग ले रहे है।

0000

पश्चिम एशिया में संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के बाद शुरू किये गये ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक ईरान से दो हजार 295 भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि आज तड़के ईरान के मशहद से 292 भारतीय नागरिक विशेष विमान से नई दिल्ली पंहुचे। वायुसेना ने भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र से भी मिशन शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत वायुसेना के सी–17 विमान ने इजराइल से 165 भारतीय नागरिकों को निकाला। यह विमान आज सवेरे अम्मान से नई दिल्ली पंहुचा। भारत, श्रीलंका जैसे मित्र देशों को भी उनके नागरिकों को निकालने में सहायता कर रहा है।

0000

प्रदेश में आज से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा मनाया जा रहा है। 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत गरीबी मुक्त गांव योजना के पहले चरण में 5 हजार गांवो में बीपीएल परिवारों को गरीबी से ऊपर लाया जायेगा। इस दौरान गरीब कल्याण की योजनाओं को जन जन तक पंहुचाया जायेगा। पखवाडे के तहत हर तहसील में रोजाना दो से तीन शिविर लगाये जायेंगे। शिविरों में विभिन्न लंबित मामलों का निस्तारण और योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जायेगा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोडने के लिए आवेदन किये जायेंगे। स्वामित्व पट्टे बनाकर उनका वितरण किया जायेगा। लंबित नल कनेक्शन जारी करने, लीकेज की मरम्मत और जल दबाव की जांच करने और नहरों के पटरों की सफाई के काम किये जायेंगे। मिट्टी के नमूनों की जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिये जायेंगे। मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का हैल्थ सर्टिफिकेट और पॉलिसी जनरेट करना, पशुओं की जांच, ईलाज और टीकाकरण के काम भी शामिल है।

0000

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिन 25 जून 1975 को भारत के संविधान को कुचलने की घटनाओं की याद दिलाता है। इस दिवस पर उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले। यह भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

0000